फिरौती की रकम में भाजपा नेताओं का हिस्सा!, तभी कोई कार्रवाई नहीं : डॉ. सुशील गुप्ता

कहा, हरियाणा में रोजाना 5-6 रेप की घटनाएं, 4 मर्डर की वारदात हो रही

- आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा को बनाएगी अपराध मुक्त

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाई : आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बयान जारी कर हरियाणा में बढ़ रहे अपराधों को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दिन-प्रतिदिन अपराध बढ़ता जा रहा है, नायब सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। भाजपा राज में व्यापारियों से फिरौती मांगने और पर्ची फेंकने की घटना सामने आ रही है। हरियाणा में भय का माहौल व्याप्त हो चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नायब सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह लॉ एंड ऑर्डर नहीं संभाल पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सिर्फ बैठकें कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कुछ नजर नहीं आ रहा है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में हरियाणा में अपराध पल रहा है।

उन्होंने कहा कि क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की पिछले एक साल में 974 मर्डर, 1701 रेप, 139 गैंग रेप, 3871 किडनैपिंग, 271 लूट और महिलाओं से अपराध के कुल 10,946 मामले दर्ज हुए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में हर रोज 5-6 रेप हो रहे हैं, 11-12 किडनैपिंग हो रही हैं। 4 मर्डर की वारदात हो रही हैं। हरियाणा मोस्ट अनसेफ राज्यों में दूसरे नंबर पर, रेप रेट में दूसरे नंबर पर, यूपी से 2.5 गुना ज्यादा क्राइम हरियाणा में हो गया है। प्रदेश में अपराध का राज हो गया है।

डॉ. सुशील गुप्ता

उन्होंने कहा कि आम लोगों और व्यापारियों के बाद अब प्रदेश में पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। नायब सैनी केवल घोषणा कर रहे हैं, कानून व्यवस्था संभलना इनके बस की नहीं है। प्रदेश में रोजाना मर्डर की घटनाएं हो रही है। नायब सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपराध खत्म कर दिया है। अपराधी जेल में हैं। पुलिस अपराधियों के लिए नहीं, जनता की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। अपराध मुक्त प्रदेश केवल बैठकों या घोषणाओं से नहीं होता उसके लिए जमीनी स्तर पर काम करना पड़ता है। आम आदमी पार्टी हरियाणा को क्राइम फ्री स्टेट बनाएगी।

हरियाणा के फार्मासिस्ट मांगें पूरी न होने पर 26 जुलाई को करेंगे हड़ताल

हरियाणा की फॉर्मासिस्ट एसोसिएशन हड़ताल पर जाने से पहले मांगों को लेकर डीजीएचएस के नाम ज्ञापन सौंपते हुए।

- इससे पहले 18 और 19 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर रोष करेंगे प्रकट
- फिर 23 जुलाई को एक घंटे के लिए करेंगे पैन डाउन स्ट्राइक

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाई : हरियाणा के फार्मासिस्टों की मांगें भी लंबे समय से पूरी नहीं हो रही हैं। जिसके चलते फार्मासिस्टों ने भी हड़ताल पर जाने का निर्णय ले लिया है। बाकायदा इस संबंध में एसोसिएशन गर्वनमेंट फार्मासिस्ट ऑफ हरियाणा ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. आरएस पूनिया के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। जिसके तहत फार्मासिस्ट 26 जुलाई को समस्त फार्मेसी ऑफिसर्स सामुहिक अवकाश लेकर विभाग और सरकार के खिलाफ जिलास्तर पर अपना रोष प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले 18 व 19 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट करेंगे। उसके बाद 23 जुलाई को सुबह 09 से 10 बजे तक एक घंटे की पैन डाउन स्ट्राइक करेंगे। एसोसिएशन के राज्य प्रधान जगदीप सिंह का कहना है कि एसोसिएशन ने कई बार अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को मुलाकात करके अवगत करवाया है। परंतु उनकी मांगों पर अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। अधिकारियों द्वारा आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। उनका कहना है कि अगर 26 जुलाई की हड़ताल के बाद कोई निर्णय नहीं निकला तो राज्य स्तरीय बैठक करके आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी विभाग और सरकार की होगी।

ये हैं फार्मासिस्टों की मांगें

एक जनवरी 2016 से ग्रेड पे 4600 (एफपीएल-7) व चीफ का ग्रेड पे 5400 दिया जाए। पीसीआई की तर्ज पर प्रमोशन चैनल जल्द लागू किया जाए। केंद्र सरकार की तर्ज पर मरीज देखभाल भत्ता, एचपीसीए, रिस्क एलाउंस वर्दी भत्ता और सभी रजिस्टर्ड फार्मेसी अधिकारियों को बेसिक पे का 25 प्रतिशत नॉन डिस्पेंसिंग, प्रैक्टिस एलाउंस जल्द दिया जाए। ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत जहां दवा वहां रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की पॉलिसी लागू की जाए ताकि आम जनता के हित को ध्यान में रखकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो। फॉर्मेसी ऑफिसर्स के रिक्त पद जल्द भरे जाएं और नए पद सर्जित किए जाएं। चीफ फॉर्मेसी ऑफिसर्स के रिक्त पद जल्द पदोन्नत करके भरे जाएं। मेवात, मोरनी में कार्यरत फॉर्मेसी ऑफिसर्स को मेवात, मोरनी भत्ता (स्पेशल एलाउंस) दिया जाए और मेवात में कार्यरत कर्मचारियों की ट्रांसफर पॉलिसी बनाई जाए। इस अवसर पर उपप्रधान जितेंद्र, जिला प्रधान पुनीत, संयुक्त सचिव आपसी बहल, प्रदीप गुप्ता, सविता, संजीव सहित अन्य मौजूद रहे।

हरियाणा के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

हरियाणा के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के कर्मचारी मांगों को लेकर रोष प्रकट करते हुए।

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाई : सरकार द्वारा लंबित मांगों को लेकर लगातार की जा रही अनदेखी के खिलाफ हरियाणा के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग ने सभी जिलों में काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की। इस दौरान सरकार के रवैए के खिलाफ रोष जताया। जिलावार सिविल सर्जन के माध्यम से मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों को हल करवाने की अपील की। राज्य संयोजक लाजवंती बेवाल व महासचिव हरिनिवास ने बताया कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की मांगे सहमति के बावजूद विभागीय कार्यवाही में उलझी हुई हैं। बार-बार आश्वासन के बावजूद मांगों की अधिसूचना जारी नहीं की जा रही। जिससे प्रदेशभर में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में रोष व्याप्त है। केडर की मुख्य मांगों में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के पदनाम संशोधित करने, एनएचएम की महिला एमपीएचडब्ल्यू को केडर के मूल वेतनमान 4200 ग्रेड एवं भत्तों का लाभ देने, रेगुलराइजेशन पॉलिसी में शामिल करने, नए नॉर्म के नाम पर समाप्त पदों को बहाल करवाने व खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, प्रमोशन व कन्फर्मेशन सूचिया जारी करवाने, प्रमोशनल पे स्केल जारी करना शामिल हैं। राज्य संयोजक ने बताया कि मांगों पर कार्यवाही न होने से एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में नाराजगी है। जिसके रोष स्वरूप काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करते हुए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया है। मांगों को हल करवाने का अनुरोध किया गया है। यदि सरकार ने समय रहते मांगों को हल नहीं किया तो प्रदेश के हजारों एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के कर्मचारी 04 अगस्त को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी होने वाली किसी भी परेशानी के लिए पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

विधानसभा उपचुनावों में स्थानीय मुद्दों पर लोगों ने कांग्रेस के बजाय क्षेत्रीय दलों के उम्मीदवारों को जितवाया: अभय चौटाला

जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल नहीं थे सिर्फ वहां पर ही कांग्रेस के उम्मीदवार जीते हैं

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाई : इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि देश के 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में आए नतीजों ने साफ कर दिया है कि भाजपा को हराने के लिए जनता ने अपना विश्वास क्षेत्रीय दलों पर अधिक व्यक्त किया है। इससे यह साफ हो गया है कि हाल ही में 7 राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों का कोई महत्व नहीं था बल्कि सभी राज्यों में विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा गया। ऐसे में जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल थे वहां पर कांग्रेस के बजाय स्थानीय मुद्दों को अहमियत देते हुए लोगों ने क्षेत्रीय दलों के उम्मीदवारों को जितवाया और जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल नहीं थे सिर्फ वहां पर ही कांग्रेस के उम्मीदवार जीते हैं। अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में इनेलो-बसपा का गठबंधन सबसे मजबूत स्थिति में है। हरियाणा में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनेगी क्योंकि हरियाणा प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश की जनता अपना मत सिर्फ प्रदेश के स्थानीय मुद्दों पर ही डालेगी। एकमात्र इनेलो पार्टी ने हमेशा प्रदेश की जनता के मुद्दे विधानसभा के अंदर और बाहर मजबूती से उठाए हैं। कांग्रेस तो चाहे विधानसभा के अंदर हो या बाहर दोनों ही जगह भाजपा की मदद करने में लगी रही। सदन में जब भी हम प्रदेश की जनता के मुद्दे उठाकर भाजपा को घेरते थे तब नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा बीच में उठकर शायरी करने और चुटकुले सुनाने लगते थे ताकि मुद्दे को भटका कर भाजपा को बचाया जा सके। भूपेंद्र हुड्डा विपक्ष के नेता कम और भाजपा के सहयोगी ज्यादा रहे हैं। पिछले पांच सालों में हुड्डा ने भाजपा के खिलाफ कोई काम नहीं किया बल्कि हमेशा भाजपा की मदद की है। राज्यसभा के चुनाव में भाजपा समर्थित सुभाष चंद्रा को भूपेंद्र हुड्डा ने ही स्याही कांड करके जितवाया और कांग्रेस और इनेलो समर्थित आर के आनंद को हरवा कर कांग्रेस पार्टी से ही गद्दारी की।

अभय चौटाला

हरियाणा बहुजन क्रांति मिशन ने कांग्रेस में किया विलय

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाईः हरियाणा बहुजन क्रांति मिशन ने कांग्रेस में विलय का ऐलान किया है। इसके प्रदेश अध्यक्ष दरबारी लाल चौहान ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ आज कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस मौके पर सोहना और गुरुग्राम के करीब 20 पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और पूर्ण-मान सम्मान का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर सोहना तावडू हलका के अध्यक्ष और सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शैलेश खटाना, गुरुग्राम उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश खटाना, जिला महासचिव बीडीसी रामकिशन भाटी, सोहना खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मानसिंह सरपंच, किसान सेल सोहना के अध्यक्ष हरप्रसाद, जिला सचिव सुलेमान सल्ली, जिला सचिव जगजीत चौधरी, बैकवर्ड सेल के जिला महासचिव रामनिवास जांगड़ा, पंचायत प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय सरपंच, सोहना हलका उपाध्यक्ष विक्रम खटाना, सोहना हलका महासचिव देवराज खटाना, गुरुग्राम एससी सेल के उपाध्यक्ष रवि कुमार, एससी सेल के जिला सचिव दुर्गा, सोहना हल्का उपाध्यक्ष धर्मवीर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत करीब 20 नेताओं ने अपने समर्थकों संग कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

ज्वाइनिंग समारोह को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि इन नेताओं ने सही समय पर सही फैसला लिया है। उनका यह फैसला प्रदेश में चल रही बदलाव की लहर को और मजबूती देगा। चौधरी उदयभान ने कहा कि 36 बिरादरी और खासतौर पर एससी और ओबीसी वर्ग के अग्रणी नेता लगातार कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि क्योंकि सभी ने बीजेपी व अन्य दलों की नीति और कार्यप्रणाली को देखा है। कांग्रेस में ही सर्व समाज के अधिकार सुरक्षित हैं। कांग्रेस संगठन और सरकार में सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता को भाजपा ने दिया सिर्फ धोखा: कुमारी सैलजा

सवेरा न्यूज/दिनेश कौशिक

सिरसा, 15 जुलाई : सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से हर वर्ग के लोग परेशान हैं, जब उनकी कोई सुनवाई नहीं होती तो वे धरना-प्रदर्शन और हड़ताल का सहारा लेते हैं। ऐसा ही सरकार ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की मांगों की अनदेखी करके किया है। सोमवार को जारी बयान में कुमारी सांसद ने कहा कि प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक दो घंटा तक हड़ताल पर जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, कई जगह तो मरीजों की जान पर बन आई। प्रदेश के सिविल अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल अवस्था में हैं, जनता विशेषज्ञों डॉक्टरों का सालों से इंतजार ही कर रही हैं। हर माह सैकड़ों मरीज रेफर किए जा रहे हैं, अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं। मरीजों की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। भाजपा सरकार लोगों की जान से खेल रही है, यह स्थिति बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता को सिर्फ धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक सोमवार को दो घंटा हड़ताल पर रहे। इस दौरान ओपीडी बंद रही, जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को ही बहाल रखा गया। एचसीएमएसए एसोसिएशन का कहना है कि सरकार और एचसीएमएसए एसोसिएशन के बीच आपसी सहमति के बाद डॉक्टरों ने छह महीने पहले अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन आज तक मानी गई मांगें पूरी नहीं हो पाई है जिसके चलते डॉक्टर दोबारा हड़ताल को मजबूर हैं। स्पेशलिस्ट कैडर, पीजी कोर्स के बांड में कमी, एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने और केंद्रीय सरकारी डॉक्टरों के समान एसीपी भत्तों की मांग पूरी नहीं होने पर डॉक्टरों में नाराजगी बढ़ी है। एसोसिएशन को इस बात पर ऐतराज है कि 06 महीने बाद भी एसएमओ की सीधी भर्ती और केंद्रीय सरकारी डॉक्टरों के समान एसीपी भत्ते नहीं बढ़े हैं जबकि सरकार डॉक्टरों को आश्वासन दे चुकी है। उन्होंने कहा है कि एचसीएमएसए एसोसिएशन की मांग है कि रिक्त पदों को भरा जाए, मेडिकल ऑफिसर के 3900 पदों में से 1100, एसएमओ के 636 पदों में से 250 पद और निदेशक के आठ पदों में से पांच पद खाली हैं। राज्य के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की भारी कमी है, लेकिन स्पेशलिस्ट कैडर का प्रस्ताव वित्त विभाग में पिछले चार महीने से अटका हुआ है।

सैलजा

गैलेंट प्ले ने गैलेंट प्ले एरिना का अनावरण किया, खेल उत्कृष्टता को मिले नए आयाम

सवेरा न्यूज, कास.

पानीपत, 16 जुलाई : गैलेंट प्ले को यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि इसने पानीपत में अत्याधुनिक मल्टी-स्पोर्ट्स सेंटर, गैलेंट प्ले एरिना का भव्य उद्घाटन किया है। यह सुविधा अंसल्स सुशांत सिटी, सेक्टर 13-17 के पास स्थित है। इस प्रमुख केंद्र में सभी आयु वर्ग के खेल प्रेमियों के लिए कई खेल विकल्प उपलब्ध हैं। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, गैलेंट प्ले एरिना में उच्चतम स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो हर आगंतुक को बेहतरीन अनुभव देती हैं। खेल प्रेमी यहां फुटबाल, बॉक्स क्रिकेट, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिंटन, वॉलीबाल, टेनिस, क्रिकेट नेट्स और टेबल टेनिस जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। एरिना की गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण गैलेंट स्पोर्ट्स द्वारा स्थापित मानकों को प्रतिबिंबित करता है, जिससे यह सामान्य खिलाड़ियों और गंभीर एथलीट्स दोनों के लिए एक अद्वितीय वातावरण प्रदान करता है।

16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म कर गर्भवती करने के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

सवेरा न्यूज/ओमपाहवा

यमुनानगर, 15 जुलाई : 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म कर गर्भवती करने के मामले में कोर्ट ने बिहार के जिला वैशाली के गांव हाजीपुर दोबघाटी निवासी राजन को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना न देने पर दो साल साधारण कारावास भुगतनी पड़ेगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया है। जिला न्यायवादी धर्मचंद व जिला उप जिला न्यायवादी गुलदेव सिंह टंडन ने केस की पैरवी की। पुलिस ने जब सिविल अस्पताल में पीड़िता को अल्ट्रासाउंड करवाया था तो वह 28 सप्ताह की गर्भवती थी। 16 जून 2023 को पंजाब के एक सरकारी अस्पताल में पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया था। शिकायत में पीड़िता ने कहा था कि उसके पिता व राजन के पिता आपस में दोस्त है। करीब तीन साल से उसकी युवक के साथ फोन पर बात होती रही। करीब आठ महीने पहले वह युवक से मिलने के लिए यमुनानगर आई थी। वह दोनों एक फैक्टरी के क्वार्टर में रहे। दीपावली के बाद वापस पंजाब घर चली गई। एक दिन मकान मालकिन ने उसका पेट देखा तो बताया कि वह गर्भवती है। मकान मालकिन ने उसे मजदूरी के एक हजार रुपये दिए और युवक के पास जाने की सलाह दी। इसके बाद वह मुकारमपुर में दोषी युवक के पास आ गई। पुलिस के पास 23 मई 2023 को जगाधरी सिविल अस्पताल से पुलिस के पास फोन आया था कि एक नाबालिग गर्भवती अस्पताल पहुंची है। सूचना मिलने के बाद एएसआई सुदेश पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंची। उसकी काउंसलिंग भी करवाई। पीड़िता को वन स्टाप सेंटर यमुनानगर में भेजा गया था।

2 किलो 600 ग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

सवेरा न्यूज/प्रदीप हरित

कैथल, 15 जुलाई : एंटी नारकोटिक सेल द्वारा थाना ढांड क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 2 किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान बिहारी दास चौक ढांड पर मौजूद थी। पुलिस को जानकारी मिली कि गांव रानीगंज जिला पटना बिहार निवासी धर्मेंद्र अनाज मंडी ढांड के सामने एक घर में किराये पर रहता हैं जो अपने किराये के मकान से ग्राहकों को नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता हैं।

वह अभी ग्राहकों को गांजा फूल पत्ती बेचने के लिए अपने घर से बाहर जाने वाला हैं। पुलिस टीम द्वारा उक्त मकान पर दबिश देकर धर्मेंद्र को काबू कर लिया गया। मौके पर पहुंचे बीईओ संजय शर्मा के समक्ष ली गई तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना ढांड में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई नरेंद्र कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं डॉक्टर, एचसीएमएसए ने हड़ताल का किया था आह्वान

हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में 2500 डॉक्टरों ने दो घंटे के लिए बंद रखी ओपीडी, मरीज होते रहे परेशान

- हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिस एसोसिएशन ने अब 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में तैनात डॉक्टर मांगों को लेकर ओपीडी बंद करके धरना प्रदर्शन करते हुए।

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जुलाई : लंबे समय से मांगें पूरी न होने पर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिस एसोसिएशन के आहवान पर सोमवार को सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी करने वाले करीब 2500 डॉक्टरों ने दो घंटे के लिए ओपीडी बंद रखी। जिससे अस्पताल में चेकअप करवाने पहुंचे हजारों मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब एचसीएमएसए ने 25 जुलाई को अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। एसोसिएशन पदाधिकारियों? का आरोप है कि कई साल से उनकी मांगों पर सहमति जताई जा रही है। पर कोरे आश्वासन देकर उन्हें वापस कर दिया जाता है। डॉक्टरों की कमी के कारण कार्यरत डॉक्टरों पर लगातार काम का बोझ बढ़ रहा है। एसोसिशएन की ओर से जिलों में नाराजगी जाहिर करते हुए ज्ञापन सौंपे गए। डॉक्टरों ने कहा कि कोरोना योद्धा कहे जाने वाले डॉक्टरों को जायज मांगों के लिए आंदोलन की राह पकड़नी पड़ रही है।? एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने बताया कि दो घंटे ओपीडी बंद को लेकर पहले ही अधिकारियों और सरकार को अवगत कराया गया था। जिसके चलते ?सभी जिलों में? डॉक्टरों ने धरने दिए और प्रदर्शन किए। राज्यभर के सभी जिलों और पंचकूला मुख्यालय पर भी डॉक्टरों ने दो घंटे कामकाज का बहिष्कार किया। एसोसिएशन का कहना है कि छह माह पहले सभी मांगों पर तत्कालीन मंत्री और अफसरों से सहमति बन चुकी थी। लेकिन अफसरशाही ने फाइलों को जगह-जगह पर अटकाया हुआ है। अध्यक्ष ने कहा कि इतने धरने प्रदर्शन और आए दिन अवगत कराने के बाद भी डीजी हेल्थ ऑफिस? की ओर से दो डिमांड का प्रस्ताव एक सप्ताह पहले भेजा गया था। एक जुलाई को हुए आंदोलन के बाद में अफसरशाही हरकत में आई और एक बार फिर आश्वासन देकर टरकाना चाहते हैं। अध्यक्ष और बाकी पदाधिकारियों डॉ. अनिल यादव, डॉ. अमरजीत सहित अन्य ने कहा कि डॉक्टरों को जायज मांगों के लिए आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा है।

ये हैं डॉक्टरों की अहम मांगें

चार महत्वपूर्ण मुद्दों में से दो मुद्दे (स्पेशेलिस्ट कैडर और पीजी कोर्स बॉन्ड में कमी) धीमी गति से आगे बढ़ रही है। लालफीताशाही के कारण अटके हुए हैं। दो अन्य मुद्दों (एसएमओ की सीधी भर्ती को रोकने के लिए सेवा नियमों में संशोधन और केंद्रीय सरकारी डॉक्टरों के समान एसीपी, भत्तों का प्रावधान) में लगातार विलंब हो रहा है। डॉक्टर (क्लास वन अधिकारी) बुनियादी मुद्दों जैसे नियमित पदोन्नति, एसीपी, प्रोबेशन क्लीयरेंस के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनका शोषण हो रहा है।

प्रपत्र–'जी'
रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आमंत्रण
प्रोजेक्ट एवलॉन रंगोली धारूहेड़ा हरियाणा
(जी आर जे डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई)
धारूहेड़ा, हरियाणा में रियल एस्टेट उद्योग में संचालन
[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप–विनियम (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016]

क्र सं.	प्रासंगिक विवरण	
1.	कार्पोरेट देनदार का नाम पैन एवं सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित	प्रोजेक्ट एवलॉन रंगोली धारूहेड़ा हरियाणा (जीआरजे डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई). सीआईएन नंबर- U51396DL1998PTC097177 पैन नंबर - AABCG6952F
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	64, सिंधिया हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
3	वेबसाइट का यूआरएल	https://www.avalongroup.in/avalon-rangoli-dharuhera.html
4.	उस स्थान का विवरण, जहां अधिकांश अचल आस्तियां अवस्थित है	सेक्टर - 24, धारूहेड़ा, हरियाणा।
5.	प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की संस्थापित क्षमता	वाणिज्यिक क्षेत्र के साथ आवासीय आवास परियोजना, जिसका नाम धारूहेड़ा हरियाणा में स्थित एवलॉन रंगोली है, आवासीय टावर (10), ईडब्ल्यूएस (1), वाणिज्यिक (8) और स्कूल (2) जिसमें सामान्य क्षेत्र शामिल है। आरपी को एक ई–मेल भेजकर आगे कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है cirp.grjdistrubutors@gmail.com
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की प्रमात्रा और मूल्य	उपलब्ध नहीं है
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	शून्य
8.	अतिरिक्त विवरण दो वर्षों हेतु अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित) लेनदारों की सूचियां प्रोसेस की अनुवर्ती घटनाओं के लिए संबद्ध तिथियां उपलब्ध हैं :	आरपी को एक ई–मेल भेजकर आगे कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है cirp.grjdistrubutors@gmail.com
9.	संहिता की धारा 25 (2) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है	आरपी को एक ई–मेल भेजकर आगे कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है cirp.grjdistrubutors@gmail.com
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	31 जुलाई 2024
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	09 अगस्त 2024
12	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	14 अगस्त 2024
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	24 अगस्त 2024
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	29 अगस्त 2024
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	28 सितम्बर 2024
16.	रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल प्रक्रिया	cirp.grjdistrubutors@gmail.com

रंजन चक्रवर्ती
रिजोल्यूशन प्रोफेशनल
जीआरजे डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
IBBI रजि. संख्या: IBBI/IPA-002/IP-N00541/2017-2018/11618
पंजिकृत ईमेल आईडी: ranjanns@gmail.com
दिनांक: 16.07.2024
स्थान : नई दिल्ली

सूचना
मैं, प्रीत कुमार पुत्र प्रकाश चंद वासी बी-64, केएच नं. 27/7 उदय विहार निलोथी एक्सटैंशन चंद्र विहार, निलोथी वैस्ट दिल्ली-110041, ने सभी अपने भावी प्रयोजनों के लिए अपना नाम प्रीत कुमार संजोतरा से बदलकर प्रीत कुमार रख लिया है।

PUBLIC NOTICE
I, Hira Singh w/o Mr. Sharvan the owner of khasra no. 1343 village Pavi Sadakpur, Paragna tehsil Loni Ghaziabad through Registry dt. 24.09.2015 document No. 18039, which has been purchased from Mr. Lokesh behind which previous documents (All original deed and revenue record) is lost somewhere if any person who use any document for any wrong purpose shall be subject to legal process, The above property is mortgaged with Au Small Finance Bank Ltd. Mrs. Hira Singh W/o Mr. Sharvan Singh.

PUBLIC NOTICE
I, MAHESH BATRA, S/O JAWAHARLAL BATRA, 4/70 BASTI RAIGAR, KAROL BAGH, NEW DELHI-110005, I HAVE LOST MY PROPERTY DOCUMENT i.e. ORIGINAL LEASE DEED OF PROPERTY NO. 4/70 BASTI RAIGAR, KAROL BAGH, REGISTRATION NO. 246, ADD BOOK NO. 1, VOL NO. 4202 ON PAGES 112-116, KHASRA NO. 5104/2610, DATED 23/03/1942. We tried a lot to trace it but could not find it. If anyone finds it, please return it to the above address.
Complainant's Details: SO No: 430/2014, Delhi Police P.S. Crime Branch, Delhi. LR No: 1938044/2024, Date: 15/07/2024

PUBLIC NOTICE
I, Rajesh Gupta S/o Sh. Babu Lal Gupta R/o D-12/112, Sector-8, Rohini, Delhi-110085, that I have disowned and debarred my son namely SIDDHARTH GUPTA and his wife HINA GUPTA debarred from all of my moveable and immovable properties due to their bad habits and they are not in my control, If anybody deals with them, he will do so at his own cost risks and consequences and I or my any other family member will not be responsible for their any good or bad acts.

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गैंदा देवी पत्नी श्री सूरज भान, जो मकान नंबर 208, सावित्री नगर, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली–110017 में रहती हैं, जो संपत्ति नंबर 208, खसरा संख्या 548/135 मिन, भूमि क्षेत्रफल 194 वर्ग गज भूमि के भूखंड, संपत्